# आनंदालय

## सामयिक परीक्षा - 1

## कक्षा : दसवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका

विषय : हिंदी 'ब' (085) | अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 17-07-2025 | समय : 1 घंटा 30 मिनट

**सामान्य निर्देश :-**

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. प्रश्न पत्र में कुल आठ प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मशीनों के आगमन से अनेक परिवर्तन आए । हमारी पीढ़ी ने मशीनों को इंसानों से कंप्यूटर के हवाले होते देखा है । परिवर्तन ही संसार का नियम है । आग के आविष्कार द्वारा मनुष्य का जीवन बदला और पहिये के आविष्कार से मानव सभ्यताओं ने जन्म लिया और अब वर्तमान में चैट जीपीटी और बॉर्ड जैसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता/आर्टिफिशल इंटेलिजेंस या एआई आधारित प्लेटफार्म आया है, जिसने दुनिया में हाहाकार मचा दिया । यह समझना महत्त्वपूर्ण है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानव बुद्धि के बीच सबसे बड़ा अंतर मानवता का है । ए.आई. भविष्य में जो भी करने वाला है, वह आज के इंसान की सोच को ही प्रतिबिंबित करेगा ।

चैट जीपीटी एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट है । इसका पूरा नाम चैट जेनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर है । यह चैटबॉट अपने डेटाबेस में अरबों पाठ, वार्तालाप और लेख संग्रहीत करता है और एक एल्गोरिदम के माध्यम से उनका विश्लेषण करता है । एल्गोरिदम, जिसे ट्रांसफॉर्मर नेटवर्क कहा जाता है, मानव मस्तिष्क के काम करने के तरीके की नकल करने का प्रयास करता है ।

जब आप चैट जीपीटी से कोई प्रश्न पूछते हैं, तो यह चैटबॉट अपने डेटाबेस से प्रासंगिक जानकारी ढूँढता है और इसे आपकी भाषा में लिखित या मौखिक रूप में प्रस्तुत करता है । चैट जीपीटी और इस जैसे दूसरे ए.आई. प्लेटफॉर्म की खासियत यह है कि आपके हर सवाल का जवाब ये सेकंड्स में दे सकते हैं । यद्यपि यह विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है, किंतु यह अंग्रेजी में ज्यादा सटीक है । इसका प्रयोग गूगल सर्च, भाषा-अनुवाद, कविताएँ, कहानियाँ, कोड या गाने लिखना, रेसिपी बनाना, नौकरी ढूँढना, अन्य समस्याओं का समाधान ढूँढना आदि विभिन्न उद्देश्यों के लिए कर सकते हैं । यह मैत्रीपूर्ण और विनम्रता से आपको दिलचस्प और मनोरंजक जानकारी देता है ।

ऐसी आशंकाएँ हैं कि चैट जीपीटी आने से कई नौकरियों पर संकट के बादल घिर गए हैं तथा स्कूल, कॉलेज, एग्जाम, पर्चे, कोचिंग, अस्पताल, लैब और तकनीक से जुड़े हर तबके पर इसका असर पड़ने वाला है । दुनियाभर में लगभग तीस करोड़ लोगों की नौकरी इससे प्रभावित हो सकती है, जोकि भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत नहीं हैं ।

(i) गद्यांश के अनुसार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में ........... का अभाव है । (1)

(क) विज्ञान (ख) ज्ञान (ग) मानवता (घ) तकनीक

(ii) कथन (A) कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण दुनिया में बेरोज़गारी बढ़ेगी, ऐसी आशंकाएँ हैं । (1)
कारण (R) क्योंकि चैट जीपीटी एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट है, जो हर सवाल का जवाब सेकंड्स में दे सकता है । उपर्युक्त कथन और कारण के आधार पर सही विकल्प चुनिए -
(क) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं ।
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं ।
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है ।
(घ) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या है ।

(iii) "हमारी पीढ़ी ने मशीनों को इंसानों से कंप्यूटर के हवाले होते देखा है ।" कथन को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए - (1)
(i) पहले मशीनों को इंसानों के द्वारा चलाया जाता था ।
(ii) अब कंप्यूटर के द्वारा ही मशीन को चलाया जा रहा है ।
(iii) वर्तमान में मनुष्य संपूर्ण रूप से कंप्यूटर पर निर्भर हो गया है ।
कूट
(क) कथन (i) और (ii) सही हैं । (ख) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं ।
(ग) कथन (i) और (iii) सही है । (घ) कथन (ii) और (iii) सही हैं ।

(iv) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की क्या विशेषता है ? (2)

(v) चैट जीपीटी और इस जैसे दूसरे ए.आई. प्लेटफॉर्म भविष्य के लिए एक अच्छा संकेत नहीं हैं । कैसे ? स्पष्ट कीजिए | (2)

## खंड - 'ख'

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (7x1=7)

(i) अपराध सिद्ध होने पर उसे सज़ा हुई । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
(ii) जो छात्र प्रथम आया, वह वास्तव में प्रतिभावान है । (वाक्य पहचानकर भेद लिखिए)
(iii) 'अष्टाध्यायी ' (समास विग्रह कर समास का भेद लिखिए)
(iv) 'वचन रुपी अमृत' (समस्त पद और समास का भेद लिखिए)
(v) एकलव्य ने <u>गुरुदक्षिणा</u> में अपना अंगूठा दे दिया था । (रेखांकित समास का भेद लिखिए)
(vi) दाँतों पसीना आना (मुहावरे से वाक्य बनाएँ कि अर्थ स्पष्ट हो जाए)
(vii) राजेश को चकमा देना सरल काम नहीं है, उसने तो______ पी रखा है । (खाली स्थान में उचित मुहावरा लिखिए)

## खंड - 'ग'

3. गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (4x1=4)

मगर टाइम-टेबिल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात । पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती । मैदान की वह सुखद हरियाली, हवा के हल्के-हल्के झोंके, फुटबॉल की वह उछल-कूद, कबड्डी के वह दाँव-घात, वॉलीबॉल की वह तेज़ी और फुरती, मुझे अज्ञात और अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता । वह जानलेवा टाइम-टेबिल, वह आँखफोड़ पुस्तकें, किसी की याद न रहती और भाई साहब को नसीहत और फजीहत का अवसर मिल जाता । मैं उनके साए से भागता, उनकी आँखों से दूर रहने की चेष्टा करता, कमरे में इस तरह दबे पाँव आता कि उन्हें खबर न हो । उनकी नज़र मेरी ओर उठी और मेरे प्राण निकले । हमेशा सिर पर एक नंगी तलवार-सी लटकती मालूम होती । फिर भी जैसे मौत और विपत्ति के बीच भी आदमी मोह और माया के बंधन में जकड़ा रहता है, मैं फटकार और घुड़कियाँ खाकर भी खेल-कूद का तिरस्कार न कर सकता था ।

(i) निम्नलिखित में से कौन सा/से वाक्य लेखक की खेल के प्रति गहन रुचि को दर्शाता है/दर्शाते हैं ?

1. लेखक टाइम टेबल बनाकर पढ़ने के बजाय खेलने चले जाते थे ।
2. खेलों की उछल-कूद, फुरती, दाँव घात के प्रति वे आकर्षित थे ।
3. उनके भाईसाहब पढ़ाई न करने पर उन्हें डाँटा करते थे ।
4. लेखक इस तरह दबे पाँव कमरे में आते थे कि उनके भाई को पता न चले ।

कूट

(क) केवल 1 (ख) 1 और 2 (ग) केवल 4 (घ) 2, 3 और 4

(ii) टाइम-टेबिल पर अमल नहीं होने का परिणाम क्या था ?

(क) मस्ती और खेलों में अधिक रुचि होना (ख) बड़े भाई की डाँट का भय समाप्त होना
(ग) पढ़ाई के प्रति अत्यधिक रुचि होना (घ) स्वयं को मुक्त करना

(iii) लेखक बड़े भाई साहब की आँखों से दूर रहने का प्रयास क्यों करते थे ?

(क) पढ़ाई करने और उपदेश सुनने से बचने के लिए
(ख) सदा खेलने और मस्ती करने के लिए
(ग) स्वच्छंद जीवन व्यतीत करने के लिए
(घ) भाई साहब के टाइम-टेबिल का पालन करने के लिए

(iv) 'मौत और विपत्ति के बीच' से क्या अभिप्राय है ?

(क) भयानक स्थिति
(ख) ऐसी स्थिति जिसमें बचने का कोई आसार नज़र न आता हो
(ग) ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्ति दृढ़ निश्चयी बना रहे
(घ) ऐसी स्थिति जिसमें आत्मग्लानि का अनुभव हो

4. पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (3x1=3)

हम घर जाल्या आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि ।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि ।।

(i) कबीर जी का अपना घर जलाने से क्या तात्पर्य है ?

(क) उन्होंने अपना घर जला दिया है, जो कि लकड़ी का बना था
(ख) उन्होंने अपनी सांसारिक विषय-वासनाओं को नष्ट कर दिया है
(ग) उन्होंने अपने ज्ञान को जलाकर नष्ट कर दिया है
(घ) उन्होंने सब रिश्ते-नाते तोड़ दिए हैं

(ii) 'मुराड़ा' से यहाँ क्या तात्पर्य है ?

(क) जलती हुई लकड़ी से (ख) पगड़ी बाँधने से
(ग) घर जलाने से (घ) लकड़ी उठाने से

(iii) कबीर जी अब किसका घर जलाने की बात कर रहे हैं ?

(क) अपने पड़ोसियों का (ख) जो उनकी बात नहीं मानेगा
(ग) जो उनके साथ भक्ति मार्ग पर चलेगा (घ) अपने गुरु का

5. निम्नलिखित चार में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) 'ओपन लड़ाई' किसे कहा गया है ? यह अपूर्व क्यों थी ?

(ii) "एक संगठित समाज कृतसंकल्प हो तो ऐसा कुछ भी नहीं जो वह न कर सके ।" 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के संबंध में कहे गए उक्त कथन की उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए ।

(iii) कहानी के अंत में बड़े भाई उचककर पतंग पकड़ते हैं । उनका ऐसा करना क्या प्रदर्शित करता है ?

(iv) पोथी पढ़-पढ़कर भी ज्ञान प्राप्त न होने से कबीर का क्या तात्पर्य है ?

6. निम्नलिखित दो में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - (1x3=3)

(i) 'हरिहर काका' कहानी समाज के किन पहलुओं की ओर ध्यान आकर्षित करती है ? आप अपने आस-पास रह रहे अकेले व्यक्ति की मदद कैसे करेंगे ?

(ii) महंत द्वारा हरिहर काका का अपहरण, उसके चरित्र की किस सच्चाई को सामने लाता है ? इससे ठाकुरबाड़ी जैसी संस्थाओं के प्रति आपके मन में कैसी धारणा बनती है ? इस विषय में अपने विचार लिखिए ।

## खंड - 'घ'

7. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए | (1x5=5)

(क) शिक्षक-शिक्षार्थी संबंध

संकेत बिंदु

- संबंधों की परंपरा
- हमारा कर्तव्य
- वर्तमान समय में आया अंतर
- उपसंहार

(ख) सोशल मीडिया का मायाजाल और युवा

संकेत बिंदु

- सोशल मीडिया क्या है ?
- युवाओं पर प्रभाव
- मायाजाल के प्रभाव एवं सुझाव
- निष्कर्ष

(ग) मेरे सपनों का भारत

संकेत बिंदु

- भारत के बारे में मेरे विचार
- सांप्रदायिकता आदि से मुक्त उन्नत भारत की चाह
- सुखी समृद्ध भारत
- उपसंहार

8. आपकी बस्ती के पार्क में कई अनधिकृत खोमचे वालों ने डेरा डाल दिया है, उन्हें हटाने के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए । (1x5=5)

अथवा

मेट्रो में यात्रा करते हुए अपना कीमती सामान वाला बैग आप भूल गए। तुरंत शिकायत करने के बाद अगले दिन आपको अपना बैग वापस मिल गया। मेट्रो के प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए ।